BYJU'S EXAM PREP

साप्ताहिक वन लाइनर्स

1-7 जनवरी 2022

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस
1-7 जनवरी 2022

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट पहले **सप्ताह** (1-7) **जनवरी 2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. कौन सी विद्युत कंपनी विभिन्न विद्युत व्यापार विकल्प प्रदान करने वाली कंपनी पावर एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (PXIL) में 5 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करेगी_____ **NTPC लिमिटेड।**

   नोट:
   - PXIL भारत का पहला संस्थागत रूप से प्रवर्तित पावर एक्सचेंज है, जो 2008 से विभिन्न विद्युत व्यापार समाधान प्रदान कर रहा है और क्रेताओं के साथ-साथ विक्रेताओं को भी जोड़ रहा है।
   - PXIL की अधिकृत शेयर पूंजी 120 करोड़ रुपये और चुकता पूंजी 58.47 करोड़ रुपये है।

2. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा ऑफलाइन डिजिटल भुगतान को स्वीकृत करने के लिए जारी किए गए फ्रेमवर्क के अनुसार, किसी भी समय भुगतान साधन पर ऑफलाइन डिजिटल लेनदेन की कुल सीमा क्या होगी_____ **2,000 रुपये।**

   नोट:
   - एक ऑफलाइन डिजिटल भुगतान का अर्थ एक ऐसा लेनदेन है जिसमें इंटरनेट या दूरसंचार कनेक्टिविटी की आवश्यकता नहीं होती है।
   - इस नए फ्रेमवर्क के अंतर्गत, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा, ऑफ़लाइन भुगतान केवल फेस-टू-फेस (सामीप्य) मोड में किया जा सकता है।
   - इस तरह के लेनदेन के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक (AFA) की आवश्यकता नहीं होगी।
   - ऑफलाइन भुगतान लेनदेन की ऊपरी सीमा 200 रुपये होगी।

3. सरकार ने वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही के लिए सार्वजनिक भविष्य निधि (PPF) पर ब्याज दर कितने प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखी है_____**7.1%।**

   नोट:
   - केंद्र सरकार ने कोविड-19 महामारी के बीच 2021-22 की चौथी तिमाही के लिए NSC और PPF सहित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रखी हैं।
   - सार्वजनिक भविष्य निधि (PPF) और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (NSC) पर क्रमशः 7.1 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर जारी रहेगी।

4. उपभोक्ता ऋण हेतु एक डिजिटल मार्केटप्लेस, paisabazaar.com ने किस बैंक के साथ उसके प्लेटफॉर्म पर असुरक्षित ऋण के लिए एक पूर्व-योग्य कार्यक्रम शुरू करने हेतु साझेदारी की है_____ **एक्सिस बैंक।**

   नोट:

- ऐक्सिस बैंक के वेतनभोगी और स्व-नियोजित दोनों ग्राहक, जो बैंक से पूर्व-योग्य व्यक्तिगत ऋण के पात्र हैं, वे अब पैसाबाजार प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी उन्हीं ऑफर को देख सकेंगे और आवेदन कर सकेंगे।
- इस साझेदारी से इन चुनिंदा ग्राहकों को एंड-टू-एंड डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से तत्काल ऋण प्राप्त होगा।

5. किस भुगतान बैंक को अंतर्राष्ट्रीय प्रेषण (रेमिटेंस) व्यवसाय शुरू करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी प्राप्त हुई है_____**फिनो पेमेंट्स बैंक।**

नोट:

- इसे धन अंतरण सेवा योजना (MTSS) के तहत केंद्रीय बैंक से अनुमोदन प्राप्त हुआ।
- यह एक विदेशी प्रमुख के सहयोग से आवक सीमा-पार धन अंतरण गतिविधियों का संचालन करेगा, जिसके विवरण पर काम किया जा रहा है।
- इसकी जल्द ही बाहर जाने वाली प्रेषण सेवाएं शुरू करने की भी योजना है।

6. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी NPCI भारत बिलपे लिमिटेड (NBBL) ने 'UPMS' नामक एक अनूठी सेवा शुरू की है। UPMS में 'M' का क्या अर्थ है_____ **Management (प्रबंधन)।**

नोट:

- UPMS के माध्यम से, NBBL ग्राहकों को अपने आवर्ती बिल भुगतान पर किसी भी चैनल से और किसी भी मोड के लिए स्थायी निर्देश स्थापित करने में सक्षम बनाएगा।
- ऑटो-डेबिट और बिल भुगतान प्रबंधन के संदर्भ में बिल स्वचालित रूप से बिलर्स से प्राप्त किए जाएंगे और ग्राहकों के समक्ष उनके कार्यान्वयन के लिए प्रस्तुत किए जाएंगे।
- UPMS आवर्ती बिल भुगतान को लोकतांत्रिक बनाने और ग्राहकों के लिए उन्हें और अधिक सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।

7. किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने कर बचाने के लिए स्वास्थ्य बीमा खरीदने की आवश्यकता के बारे में भारतीयों की जागरूकता बढ़ाने के लिए #बहाने छोड़ो टैक्स बचाओ अभियान शुरू किया है_____**SBI जनरल इंश्योरेंस।**

नोट:

- अभियान #बहाने छोड़ो टैक्स बचाओ स्वास्थ्य बीमा चयन के अन्य लाभों पर भी जोर देगा।
- स्वास्थ्य बीमा न खरीदने या खरीदने में विलंब करने के कारण लोगों के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए अभियान का लहजा विनोदपूर्ण है।

8. जनवरी 2022 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किस भुगतान बैंक को अनुसूचित बैंक के रूप में वर्गीकृत किया है_____**एयरटेल पेमेंट बैंक।**

नोट:

- इसके साथ, एयरटेल पेमेंट बैंक अब सरकार द्वारा जारी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोज़ल (RFP) और प्राथमिक नीलामी में सहायता कर सकता है और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं में भाग लेने के अलावा, केंद्र तथा राज्य सरकार दोनों के कार्य कर सकता है।
- एयरटेल पेमेंट बैंक 115 मिलियन उपयोगकर्ताओं के आधार के साथ देश का सबसे तेजी से बढ़ता डिजिटल बैंक है।

9. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, किन बैंकों को घरेलू रूप से व्यवस्थित महत्वपूर्ण बैंकों (D-SIB) के रूप में पहचाना गया _____ **भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ICICI बैंक और HDFC बैंक।**

नोट:

- RBI, D-SIB को उनके सिस्टमिक इम्पॉर्टेंस स्कोर (SIS) के आधार पर उपयुक्त समूह में रखता है।

- D-SIB पर केंद्रीय बैंक का वर्तमान अपडेट 31 मार्च, 2021 तक बैंकों से प्राप्त किए गए आंकड़ों पर आधारित है।
- उस समूह के आधार पर जिसमें D-SIB को रखा गया है, उस पर एक अतिरिक्त सामान्य इक्विटी आवश्यकता लागू होती है।

10. किस बैंक ने व्यवसाय निरंतरता में संकट के तहत सर्वश्रेष्ठ स्वचालन के लिए UiPath ऑटोमेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2021 प्राप्त किया_____ **साउथ इंडियन बैंक।**

नोट:

- बैंक को यह पुरस्कार कठिन परिचालन बाधाओं के समाधान के लिए बुरे समय में रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन क्षमताओं के असाधारण उपयोग हेतु दिया गया, जिससे व्यवसाय निरंतरता सुनिश्चित हुई।
- UiPath ऑटोमेशन एक्सीलेंस अवार्ड का उद्देश्य ऑटोमेशन में बदलाव लाने वालों को सम्मानित करना है।

11. तीन ट्रिलियन डॉलर से अधिक के शेयर बाजार मूल्य वाली पहली कंपनी_____**एप्पल।**

नोट:

- इसके शेयर की कीमत वर्षों से लगातार बढ़ रही है, जिनमें 2020 की शुरुआत में कोविड लॉकडाउन के बाद से 200% से अधिक वृद्धि हुई है और इसने काम, शिक्षा, मनोरंजन, आदि के लिए प्रौद्योगिकी की केंद्रीयता पर जोर दिया है।
- एप्पल के साथ 2 ट्रिलियन डॉलर बाजार मूल्य क्लब में माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प्स है, जिसका मूल्य अभी 2.5 ट्रिलियन डॉलर है।

12. किस क्रिप्टो ऐप ने भारत का पहला क्रिप्टो इंडेक्स 'IC15' लॉन्च किया, जो शीर्ष 15 वैश्विक डिजिटल मुद्राओं के बाजार पूंजीकरण और चलनिधि पर नजर रखेगा _____ **क्रिप्टोवायर।**

नोट:

- इस प्लेटफॉर्म द्वारा बिटकॉइन, एथेरियम, बिनेंस क्वाइन, सोलाना, कार्डानो, रिपल, टेरा, डॉगक्वाइन और शीबा इनु जैसी क्रिप्टो संपत्ति की निगरानी की जाएगी।
- क्रिप्टोवायर की सूचकांक शासन समिति सूचकांक की देखरेख, निगरानी और प्रशासन करेगी।
- सूचकांक का आधार मूल्य 10,000 पर निर्धारित किया गया है और आधार तारीख 1 अप्रैल 2018 है।

13. भारत ने दिसंबर 2021 में 37.29 बिलियन डॉलर का माल निर्यात किया, जो एक महीने में अब तक सर्वाधिक है, वर्ष 2021-22 के लिए भारत का वार्षिक निर्यात लक्ष्य क्या है _____**400 बिलियन डॉलर।**

नोट:

- अप्रैल-दिसंबर में भारत का व्यापारिक निर्यात लगभग 300 बिलियन डॉलर था, जो वर्ष-दर-वर्ष 48.85 प्रतिशत और 2019 में इसी अवधि के मुकाबले 26 प्रतिशत अधिक था।
- यह बताता है कि भारत वित्त वर्ष 2022 के पहले नौ महीनों में 400 बिलियन डॉलर के वार्षिक निर्यात लक्ष्य का तीन-चौथाई हासिल कर रहा है।

14. किस दूरसंचार कंपनी ने भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (HCIPL) के साथ एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की_____**भारती एयरटेल लिमिटेड।**

नोट:

- संयुक्त उद्यम में HCIPL की 67 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि एयरटेल की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।
- HCIPL दोनों कंपनियों के वेरी स्मॉल अपर्चर टर्मिनल (VSAT) व्यवसाय को संघटित करेगा।

15. किस भुगतान बैंक ने देश भर में वाणिज्यिक और आवासीय संपत्तियों के लिए फास्टैग-आधारित स्मार्ट पार्किंग समाधान की पेशकश हेतु पार्क+ के साथ समझौते की घोषणा की _____ **एयरटेल पेमेंट बैंक।**

नोट:

- इस साझेदारी का उद्देश्य वाहन से जुड़े फास्टैग का उपयोग करके पार्किंग इकोसिस्टम का डिजिटलीकरण करने के लिए एयरटेल पेमेंट बैंक की गहन संवितरण पहुंच और डिजिटल भुगतान स्टैक का लाभ उठाना है।
- पार्क+ एयरटेल पेमेंट्स बैंक को फास्टैग से संबंधित अपनी पूरी सेवाएं जैसे इसे जारी करना, अधिग्रहण करना, रिचार्ज करना और तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

16. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन न करने के लिए किन संस्थाओं के प्राधिकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिए _____ **मुथूट व्हीकल एंड एसेट फाइनेंस लिमिटेड और एको इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड।**

नोट:

- दोनों पेमेंट सिस्टम ऑपरेटरों (PSO) के पास प्रीपेड भुगतान लेखपत्र को जारी करने और उनके परिचालन के अधिकार थे।
- हालांकि, PSO के रूप में इन कंपनियों पर वैध दावा, यदि कोई हो, करने वाले ग्राहक या व्यापारी हैं, तो वे रद्द करने की तारीख से तीन वर्ष के भीतर अपने दावों के निपटान के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं।

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध व्यक्ति रिचर्ड लीकी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे _____ **संरक्षणवादी।**

नोट:

- उन्होंने अफ्रीकी हाथियों की कम होती आबादी को बचाने के लिए हाथी दांत के व्यापार के खिलाफ अभियानों का नेतृत्व किया।
- लीकी ने केन्या के राष्ट्र संचालित राष्ट्रीय संग्रहालय के निदेशक और दो बार केन्या वन्यजीव सेवा में बोर्ड अध्यक्ष सहित वर्षों तक सरकार में विभिन्न भूमिकाओं में कार्य किया।

2. प्रसिद्ध महिला सिंधुताई सपकाल का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थीं_____ **सामाजिक कार्यकर्ता।**

नोट:

- उन्हें प्यार से 'अनाथ बच्चों की मां' कहा जाता है।
- उन्होंने 1,050 से अधिक अनाथ बच्चों की परवरिश की और 207 दामाद तथा 36 बहू होने का गौरव हासिल किया।
- उनकी मराठी बायोपिक 'मी सिंधुताई सपकाल' 2010 में रिलीज़ हुई थी।

3. द्वितीय विश्व युद्ध के सेवानिवृत्त सैनिक और देश के वृद्धतम व्यक्ति लॉरेंस एन. ब्रूक्स जिनका जनवरी 2022 में 112 वर्ष की आयु में निधन हो गया। किस देश से संबंधित थे_____**अमेरिका।**

नोट:

- उनकी मृत्यु की घोषणा राष्ट्रीय विश्व युद्ध II संग्रहालय ने की और उनकी पुत्री ने इसकी पुष्टि की।

- 12 सितंबर, 1909 को जन्मे ब्रूक्स अपने नेकदिल हंसमुख भावना, सकारात्मकता और करुणा के लिए जाने जाते थे।
- ब्रूक्स एक सॉमिल में काम कर रहे थे, जब उन्हें 1940 में यू.एस. सेना में भर्ती किया गया था।

महत्वपूर्ण दिवस

1. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने अपनी स्थापना का 64वां स्थापना दिवस कब मनाया_____ **1 जनवरी 2022।**

नोट:

- DRDO की स्थापना 1958 में रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान बढ़ाने के लिए केवल 10 प्रयोगशालाओं के साथ की गई थी।
- उस समय, इसे भारतीय सशस्त्र बलों के लिए अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों को डिजाइन करने और विकसित करने का काम सौंपा गया था।

2. विश्व ब्रेल दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है_____ **4 जनवरी।**

नोट:

- इस दिवस का उद्देश्य नेत्रहीन लोगों द्वारा ब्रेल तक पहुंच के अधिकार को मान्यता देना और नेत्रहीन तथा आंशिक दृष्टिहीन लोगों के लिए मानवाधिकारों के पूर्ण बोध में संचार के साधन के रूप में ब्रेल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

3. संघर्ष के कारण अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए युद्ध के अनाथों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____ **6 जनवरी।**

नोट:

- किसी भी संघर्ष में, बच्चे सबसे वंचित और कमजोर समूहों में से एक होते हैं।
- जो बच्चे गोलीबारी में घायल हो गए हैं या अपने परिवारों से अलग हो गए हैं, उन्हें युद्ध के मानसिक जख्मों को भरने, स्कूल शुरू करने और सामान्य जीवन को पुन: प्रारंभ करने के लिए विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है।

4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा घोषित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 का विषय क्या है _____ **दीर्घकालिक भविष्य के लिए विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण।**

नोट:

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 का विषय: Integrated Approach in Science and Technology for Sustainable Future
- रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में हर वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

5. भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने 6 जनवरी, 2022 को अपना कौन सा स्थापना दिवस मनाया_____**75वां।**

नोट:

- इस अवसर पर उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि गुणवत्ता महंगी नहीं, लागत प्रभावी है।

- उन्होंने विशेष रूप से कहा कि BIS को विकसित करने के लिए इसे एक अवरोधक के रूप में नहीं बल्कि एक समन्वयक के रूप में काम करना चाहिए।
- उन्होंने कहा कि BIS को एक वैश्विक संगठन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, वैश्विक अनुभवों से सीखना चाहिए और वैश्विक मानकों को एकीकृत करना चाहिए।

नई नियुक्तियां

1. महिलाओं की विवाहयोग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने वाले विधेयक की जांच करने वाली संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता कौन करेगा _____**विनय सहस्रबुद्धे।**

नोट:

- इसे शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के पास भेजा गया था।
- विधेयक में महिलाओं के विवाह की आयु 18 से बढ़ाकर 21 करने का प्रावधान है।
- संसदीय स्थायी समिति का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता विनय सहस्रबुद्ध करेंगे।
- टीएमसी सांसद सुष्मिता देव 31 सदस्यों में एकमात्र महिला हैं।

2. विस्तारा एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पदभार किसने ग्रहण किया_____**विनोद कन्नन।**

नोट:

- उन्होंने लेस्ली थंग की जगह ली, जो जुलाई 2017 से 31 दिसंबर, 2021 तक CEO थे।
- उन्होंने जून 2019 में विस्तारा के मुख्य रणनीति अधिकारी के रूप में अपनी कार्यावधि शुरू की और जनवरी 2020 में मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी बने।
- दीपक राजावत को विस्तारा के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति मिली।

3. कृषि लागत तथा मूल्य आयोग (CACP) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया _____**विजय पॉल शर्मा।**

नोट:

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) तथा अन्य सुधारों पर प्रस्तावित समिति में CACP अध्यक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।
- वर्तमान में, वह भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद में प्रोफेसर हैं।

4. SEBI ने किसकी अध्यक्षता में बाजार डेटा पर अपनी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया जो प्रतिभूति बाजार डेटा पहुंच तथा गोपनीयता जैसे क्षेत्रों से संबंधित नीतिगत उपायों की सिफारिश करती है_____**एस. साहू।**

नोट:

- SEBI ने अपनी बाजार डेटा सलाहकार समिति में फेरबदल करते हुए कहा है कि समिति की अध्यक्षता अब राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्रोफेसर और भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) के पूर्व अध्यक्ष एस. साहू करेंगे।
- 20 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता पहले SEBI की पूर्व पूर्णकालिक सदस्य माधबी पुरी बुच कर रही थीं।

5. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा गठित ऊर्जा परिवर्तन सलाहकार समिति के अध्यक्ष _____ **तरुण कपूर।**

नोट:

- समिति में सार्वजनिक क्षेत्र की सभी तेल एवं गैस कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे और यह इस क्षेत्र के अन्य हितधारकों तक पहुंच कायम करेगी।
- समिति के पास क्षेत्र के परिवर्तन के लिए एक दिशानिर्देश की सिफारिश करने के लिए 2022 के मध्य तक का समय है।

6. तत्काल प्रभाव से रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष और CEO किसे नियुक्त किया गया _____ **विनय कुमार त्रिपाठी।**

नोट:

- रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने से पहले विनय कुमार त्रिपाठी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में उत्तर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने त्रिपाठी की नियुक्ति को न केवल एक जनवरी से छह महीने के लिए मंजूरी दी, बल्कि उनके कार्यकाल को 2022 में 31 दिसंबर तक विस्तारित भी किया।

7. किस सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने क्रिकेटर शेफाली वर्मा को अपना ब्रांड एंडोर्सर नियुक्त किया_____**बैंक ऑफ बड़ौदा।**

नोट:

- भारत के लिए महिला क्रिकेट में उनके लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए, बैंक ने क्रिकेटर के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।
- शेफाली ने कई रिकॉर्ड बनाए हैं, जिनमें से एक रिकॉर्ड तब बना जब वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले मैच में भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा महिला क्रिकेटर बनीं।
- शेफाली आज के युवाओं, विशेष रूप से महिलाओं के साथ संपर्क स्थापित करेंगी और वह मैदान पर और उसके बाहर खेल भावना और गुणों को सामने लाएंगी।

8. तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) की पहली महिला अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक_____ **अलका मित्तल।**

नोट:

- वह देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला हैं।
- उन्होंने सुभाष कुमार की जगह ली, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए।
- उन्हें छह माह की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है।

9. 'मेरा गांव, मेरी धरोहर' सर्वेक्षण का आयोजन किस मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है _____ **संस्कृति मंत्रालय।**

नोट:

- सर्वेक्षण का शीर्षक 'मेरा गांव, मेरी धरोहर' है।
- यह नागरिकों को अपने गांव, ब्लॉक या जिले को विशिष्ट बनाने वाली बातें साझा करने के लिए साथ जोड़कर गांव स्तर पर सांस्कृतिक पहचान का दस्तावेजीकरण करेगा।

10. यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (USIBC) का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया _____ **अतुल केशप।**

नोट:

- वह निशा बिस्वाल की जगह लेंगे, जिन्हें यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स का अंतर्राष्ट्रीय रणनीति और वैश्विक पहल और दक्षिण एशिया का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- श्री केशप पहले श्रीलंका और मालदीव में अमेरिकी राजदूत भी थे। उन्हें 2005-2008 की अवधि में और हाल ही में 2021 में चार्ज डी'एफ़ेयर्स के रूप में भारत में तैनात किया गया था।

11. संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद विरोधी समिति (CTC) का नया अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया _____ **टी.एस. तिरुमूर्ति।**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि के रूप में अपना वर्तमान पद संभालने से पहले, मई 2020 में, तिरुमूर्ति ने आर्थिक संबंध का पोर्टफोलियो संभालते हुए विदेश मंत्रालय में सचिव के रूप में कार्य किया।

12. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के नए महासचिव का पदभार किसने संभाला _____ **झांग मिंग।**

नोट:

- उन्होंने उज्बेकिस्तान के पूर्व राजनयिक व्लादिमीर नोरोव की जगह ली।
- SCO में शामिल होने से पहले, उन्होंने यूरोपीय संघ में चीन के मिशन प्रमुख के रूप में कार्य किया।
- SCO में शामिल राष्ट्र: भारत, कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिज़ गणराज्य, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत की पहली अत्याधुनिक वाटर टैक्सी सेवाएं भारत के किस शहर में शुरू की जाएंगी _____**मुंबई।**

नोट:

- सेवाएं औपचारिक रूप से जनवरी में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की जाएगी और सटीक तारीखों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
- यह परियोजना मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (MbPT), सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (CIDCO) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (MMB) की एक संयुक्त पहल है।
- इन्फिनिटी हार्बर सर्विसेज एलएलपी और वेस्ट कोस्ट मरीन दो सर्विस ऑपरेटर होंगे।

2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, भारती पवार ने केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) स्वास्थ्य केंद्र का कहां उद्घाटन किया_____ **नासिक, महाराष्ट्र।**

नोट:

- मुंबई, पुणे और नागपुर के बाद नासिक, महाराष्ट्र का चौथा शहर होगा जहां CGHS स्वास्थ्य केंद्र होगा।
- यह OPD उपचार प्रदान करेगा जिसमें दवाएं देना, सरकारी और संबद्ध अस्पतालों में भर्ती होकर उपचार, पेंशनभोगियों हेतु संबद्ध केंद्रों में इलाज के लिए कैशलेस सुविधा आदि शामिल हैं।

3. योग प्रशिक्षण में नए मानक स्थापित करने के लिए केंद्रीय आयुष मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल द्वारा हार्टफुलनेस इंटरनेशनल योग एकेडमी की आधारशिला किस शहर में रखी गई_____**हैदराबाद।**

नोट:

- इसमें योग हॉल हैं जहां प्रत्येक हॉल में 100 योग छात्रों को ठहराया जा सकता है, परामर्श के लिए चिकित्सीय योग कक्ष हैं, प्रत्येक के लिए अलग प्रशिक्षण स्थान या लघु समूह कक्षाएं, प्रसव पूर्व योग कक्ष, 200 लोगों की बैठक क्षमता वाला व्याख्यान कक्ष, रिकॉर्डिंग स्टूडियो, आदि हैं।
- इसमें भारत, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और अमेरिका के प्रशिक्षक होंगे।

4. कौन सा मंत्रालय जलवायु परिवर्तन जागरूकता अभियान और राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है_____ **आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय।**

नोट:

- अभियान में नगर आयुक्त और शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख और स्मार्ट सिटी CEO होंगे जो शहरी जलवायु परिवर्तन और संधारणीयता के बारे में जागरूकता फैलाएंगे।
- जलवायु परिवर्तन पर प्रतियोगिता 26 जनवरी 2022 तक सभी प्रतिभागियों के लिए खुली रहेगी।

5. महाराजा बीर बिक्रम (MBB) हवाई अड्डा किस शहर में स्थित है जहां प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया_____ **अगरतला।**

नोट:

- हवाई अड्डा त्रिपुरा की संस्कृति, प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं का मिश्रण है।
- यह पूर्वोत्तर में हवाई संपर्क बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।
- यह त्रिपुरा को व्यवसाय एवं उद्योग के साथ-साथ व्यापार गलियारे के एक नए केंद्र में बदल रहा है।

6. उन्नत ज्योति बाय अफोर्डेबल एलईडी फॉर ऑल (UJALA) किस मंत्रालय की प्रमुख योजना है, जिसने अपने कार्यान्वयन के सात वर्ष पूरे किए_____**विद्युत मंत्रालय।**

नोट:

- यह पहल देश भर में 36.78 करोड़ से अधिक LED के वितरण के साथ दुनिया के सबसे बड़े जीरो सब्सिडी डोमेस्टिक लाइटनिंग प्रोग्राम के रूप में विकसित हुई।
- 2015 में लॉन्च उन्नत ज्योति बाय अफोर्डेबल एलईडी फॉर ऑल (UJALA) योजना LED बल्बों के खुदरा मूल्य को 300-350 रुपये प्रति बल्ब से घटाकर 70-80 रुपये करने में सफल रही।

7. 'ग्राम उजाला कार्यक्रम' किस मंत्रालय की एक प्रमुख योजना है _____**विद्युत मंत्रालय।**

नोट:

- इसे मार्च 2021 में केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह द्वारा लॉन्च किया गया था।
- राष्ट्र के स्वामित्व वाली CESL ने ग्राम उजाला कार्यक्रम के तहत 50 लाख LED बल्बों के वितरण की उपलब्धि हासिल की।

8. किस मंत्रालय ने जन प्रतिक्रिया के लिए नेशनल एयर स्पोर्ट्स पॉलिसी (NASP) का प्रारूप जारी किया _____**नागर विमानन मंत्रालय।**

नोट:

- मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यह नीति हवाई खेलों के लिए भारत की क्षमता का लाभ उठाने का प्रयास करती है और सुरक्षा के साथ अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम क्रियाकलाप सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करती है।
- नीति का दृष्टिकोण 2030 तक भारत को एक शीर्ष हवाई खेल राष्ट्र बनाना है।

9. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने पीएम उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए वेब पोर्टल लॉन्च किया, यह पुरस्कार किस क्षेत्र के लिए प्रदान किया जा रहा है_____ **लोक प्रशासन।**

नोट:

- लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार जिलों/ केंद्र तथा राज्य सरकारों के संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों का सम्मान करने, पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए प्रदान किया जा रहा है।
- हाल ही में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने पीएम उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए वेब पोर्टल लॉन्च किया।

10. पुडुचेरी में 12 से 16 जनवरी 2022 तक आयोजित होने वाले 25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2022 की टैगलाइन _____ **सक्षम युवा सशक्त युवा।**

नोट:

- उन्होंने राष्ट्रीय युवा महोत्सव की टैगलाइन सक्षम युवा सशक्त युवा का अनावरण किया।
- भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसी एक राज्य के सहयोग से राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

11. किस विद्युत उत्पादन कंपनी ने राज्य में विभिन्न जल निकायों पर 500 मेगावाट फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के विकास के लिए ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ ओडिशा (GEDCOL) के साथ एक प्रवर्तक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____ **NHPC लिमिटेड।**

नोट:

- जुलाई 2020 में NHPC और GEDCOL के बीच इसके लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- NHPC और GEDCOL ने ओडिशा में 500 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एक संयुक्त उद्यम (JV) कंपनी स्थापित करने के लिए सहमति दर्ज की है और ऐसी अन्य परियोजनाओं को बाद की अवधि में समय-समय पर तय किया जा सकता है।

12. ई-गवर्नेंस (NceG) पर 24वां सम्मेलन भारत के किस शहर में आयोजित किया गया था_____**हैदराबाद।**

नोट:

- सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन) जितेंद्र सिंह ने किया।
- आयोजन के दौरान ई-गवर्नेंस 2021 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार छह श्रेणियों के तहत प्रदान किए गए।

13. जल जीवन मिशन (JJM) का लक्ष्य कब तक सभी ग्रामीण परिवारों को नल द्वारा जलापूर्ति या 'हर घर जल' सुनिश्चित करना है_____ **2024।**

नोट:

- 3.6 ट्रिलियन रुपये की JJM योजना का उद्देश्य 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में नल द्वारा जलापूर्ति या 'हर घर जल' सुनिश्चित करना है, जिसमें कई राज्यों ने 2024 से पहले सभी ग्रामीण घरों में नल द्वारा पानी के कनेक्शन प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई है।
- जल जीवन मिशन (JJM) के तहत राजस्थान में कुल 6,872.28 करोड़ रुपये की पेयजल आपूर्ति योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

14. 'मेरी सहेली' किस सुरक्षा बलों की एक टीम है जो हाल ही में सुर्खियों में थी_____**रेलवे सुरक्षा बल।**

नोट:

- लंबी दूरी की ट्रेनों में विशेष रूप से अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए RPF ने देश भर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 244 मेरी सहेली टीमों को तैनात किया है।
- RPF इन महिला यात्रियों से यात्रा समाप्ति पर उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करता है ताकि पहल के प्रभाव का आकलन किया जा सके।

15. केंद्रीय कैबिनेट द्वारा जनवरी 2022 में अनुमोदित इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम के ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के दूसरे चरण का कुल खर्च कितना है _____**12,000 करोड़ रुपये।**

नोट:

- यह योजना सात राज्यों - गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में लगभग 20 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा (RE) परियोजनाओं के ग्रिड एकीकरण और विद्युत निकासी की सुविधा प्रदान करेगी।
- यह योजना 2030 तक 450 GW स्थापित RE क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी।

16. द अक्षय पात्र फाउंडेशन (TAPF) ने प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए किस संगठन के साथ साझेदारी की है _____**संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)।**

नोट:

- साझेदारी एक सामरिक शक्ति गुणक है जो गहन कार्य और अनुभव को एक साथ लाती है। भारत स्कूल मील्स कोएलिशन के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण था जिसे 2020 में एक समन्वय निकाय WFP के साथ लॉन्च किया गया था, क्योंकि इसने दुनिया में सबसे बड़ा स्कूल फीडिंग प्रोग्राम शुरू किया था।
- इन संगठनों के बीच गठित एक संचालन समिति विभिन्न गतिविधियों को लागू करने के लिए वित्तीय संसाधनों का नियोजन करेगी, उन पर चर्चा करेगी और उन्हें जुटाएगी।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य में जवाहरलाल नेहरू रोड का नाम बदलकर 'नरेंद्र मोदी मार्ग' किया गया_____ **सिक्किम।**

नोट:

- पुराने मार्ग को जवाहरलाल नेहरू रोड के नाम से जाना जाता था।
- 19.51 किमी में फैली 51 क्योंगसला ग्राम पंचायत यूनिट (GPU) में वैकल्पिक डबल-लेन सड़क लगभग एक वर्ष से चालू है।

2. किस राज्य सरकार ने राज्य में पर्यावरण के अनुकूल ईंधन के उत्पादन में सहयोग के लिए प्राकृतिक गैस फर्म GAIL के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं _____**ओडिशा।**

नोट:

- भुवनेश्वर में सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई और ओडिशा औद्योगिक संवर्धन और निवेश निगम (Ipicol) द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- समझौता ज्ञापन ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया और सौर तथा पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में संयंत्र स्थापित करने के लिए एक व्यवहार्य अध्ययन करने का प्रयास करता है।

3. देश में अपनी तरह की पहली अवसंरचना कोप्पल टॉय क्लस्टर (KTC) मार्च 2022 में किस राज्य में क्रियाशील होगी _____ **तमिलनाडु।**

नोट:

- KTC की स्थापना बेलागवी स्थित ऐक्स प्राइवेट लिमिटेड की ग्रुप कंपनी ऐक्स इंफ्रा द्वारा की जा रही है।
- खिलौना और खिलौना-घटक के छह निर्माताओं ने ऐक्स इन्फ्रा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि विस्कॉन पॉलिमर, कस्टम रबर मोल्डेड उत्पादों के निर्माता और निर्यातक सहित अन्य तीन कंपनियों ने KTC में अपने उत्पादन केंद्रों का निर्माण शुरू कर दिया है।

4. चिल्का झील किस राज्य में स्थित है जहां हाल ही में पक्षियों की गणना की गई है _____**ओडिशा।**

नोट:

- चिल्का खारे पानी की सबसे बड़ी झील है। पक्षी सर्दी का समय बिताने के लिए झील पर आते हैं। सर्वेक्षण में लगभग 106 कर्मियों को तैनात किया गया था।
- इसमें गैर-सरकारी संगठनों और सरकारी संगठनों के पक्षी विशेषज्ञ शामिल थे।

5. भारत के पहले ओपन रॉक संग्रहालय का उद्घाटन किस शहर में किया गया _____**हैदराबाद।**

नोट:

- कई अल्प ज्ञात तथ्यों के बारे में जनता को शिक्षित तथा प्रबुद्ध बनाने के उद्देश्य से स्थापित ओपन रॉक संग्रहालय, भारत के विभिन्न हिस्सों से लगभग 35 विभिन्न प्रकार की चट्टानों को प्रदर्शित करता है, जो पृथ्वी के इतिहास में लगभग 3.3 बिलियन वर्ष से 55 मिलियन वर्ष पुरानी हैं।
- ये चट्टानें पृथ्वी की सतह से 175 किमी की गहराई तक पृथ्वी के सबसे गहरे भाग को भी दर्शाती हैं।

6. ICAR-सुगरकेन ब्रीडिंग इंस्टीट्यूट (ICAR-SBI) किस राज्य में स्थित है जो हाल ही में सुर्खियों में रहा था_____ **तमिलनाडु।**

नोट:

- STC को लागू करने के लिए संस्थान के हस्तक्षेप को नागरोथु, पुरानी सरकारपति, चिनारपथी से संबंधित दो जनजातियों 'मालासर' और 'मलाईमालासर' के बीच केंद्र समूहों के संचालन द्वारा नियोजित आवश्यकता मूल्यांकन के आधार पर अंतिम रूप दिया गया था।

7. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण- II कार्यक्रम के तहत 31 दिसंबर, 2021 तक सर्वाधिक खुले में शौच मुक्त (ODF प्लस) गांवों की सूची में कौन सा राज्य देश में पहले स्थान पर रहा_____**तेलंगाना।**

नोट:

- राज्य के 14,200 गांवों में से 13,737 गांव ODF प्लस सूची में हैं, जो 96.74% है। इसके बाद तमिलनाडु में 4,432 गांव (35.39%) और कर्नाटक में 1,511 गांव (5.59%) हैं। गुजरात केवल 83 गांवों (0.45%) के साथ 17वें स्थान पर है।

8. कौन सा राज्य उज्ज्वला योजना के तहत धूम्रपान मुक्त राज्य बनने वाला देश का पहला राज्य बना_____ **हिमाचल प्रदेश।**

नोट:

- उज्ज्वला योजना की शुरुआत केंद्र सरकार ने देश की महिलाओं को घर के अंदर होने वाले प्रदूषण से मुक्त करने के उद्देश्य से की थी।
- इसके साथ ही हिमाचल सरकार ने योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए गृहिणी सुविधा योजना भी शुरू की।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. अब्दुल्ला हमडोक ने किस देश के प्रधान मंत्री पद से इस्तीफा दिया _____ **सूडान।**

नोट:

- सूडान की संक्रमणकालीन सरकार के असैन्य चेहरे के रूप में देखे जाने वाले संयुक्त राष्ट्र के एक पूर्व अधिकारी, हमडोक को नवंबर में एक सौदे में अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बीच पुनर्नियुक्त किया गया था, जिसमें उनके नेतृत्व में सैन्य निगरानी के तहत एक स्वतंत्र तकनीकी कैबिनेट का आह्वान किया गया था।

- हमडोक का इस्तीफा सूडान के सुरक्षा बलों द्वारा 25 अक्टूबर के सैन्य तख्तापलट के खिलाफ लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिंसक रूप से तितर-बितर करने के बाद आया, जिसमें दो लोग मारे गए।

2. किस देश 1 जनवरी 2022 से 30 जून 2022 तक के लिए 14 वर्षों में पहली बार यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभाली_____ **फ्रांस।**

नोट:

- अध्यक्षता परिषद (मंत्रिपरिषद) बैठकें आयोजित करती है, ब्रोकर समझौते करती है, निष्कर्ष प्रस्तुत करती है और निर्णय निर्धारण प्रक्रिया की सुसंगतता तथा निरंतरता सुनिश्चित करती है।
- यूरोपीय संघ का प्रत्येक सदस्य राष्ट्र आवर्ती आधार पर छह महीने के लिए यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करता है।

3. हाल ही में किस पड़ोसी देश ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति (NSP) जारी की_____ **पाकिस्तान।**

नोट:

- देश ने "सुरक्षा के लिए नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोण" सुनिश्चित करने के लिए अपनी तरह के पहले दस्तावेज के अंतर्भाग में "आर्थिक सुरक्षा" को रखा।
- इस नीति को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (NSC) की 36वीं बैठक में प्रस्तुत करके मंजूरी दी गई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान मंत्री इमरान खान ने की और इसमें अध्यक्ष, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी और सभी सेना प्रमुखों ने भाग लिया।

4. कौन सा देश अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का 102वां सदस्य बना _____ **एंटीगुआ और बारबुडा।**

नोट:

- एंटीगुआ और बारबुडा के प्रधान मंत्री, गैस्टन ब्राउन ने सौर-नेतृत्व दृष्टिकोण के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा संक्रमण को उत्प्रेरित करने के लिए भारतीय उच्चायुक्त डॉ. के.जे. श्रीनिवास की उपस्थिति में फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- के.जे. श्रीनिवास 2019 में गुयाना, एंटीगुआ और बारबुडा, सेंट किट्स और नेविस और 15 सदस्यीय CARICOM (कैरिबियन कम्युनिटी एंड कॉमन मार्केट) में भारत के उच्चायुक्त बने।

5. श्रीलंका ने भारत से 500 मिलियन डॉलर की ईंधन ऋण सीमा हासिल करने के करीब पहुंचने के रूप में किस भारतीय तेल कंपनी के साथ 75 ऑयल टैंकों को पट्टे पर देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए _____**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन।**

नोट:

- इस सप्ताह के अंत में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की कोलंबो यात्रा से पहले समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें चीन भी श्रीलंका में दबदबा बनाने के लिए होड़ में है।
- इससे पहले श्रीलंका ने 2003 में अपने सभी 99 टैंक ऑयल फार्म भारत को पट्टे पर देने पर सहमति व्यक्त की थी।

6. भारत ने आपदा प्रबंधन सहयोग पर किस देश के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए, जिसे जनवरी 2022 में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई थी_____**तुर्कमेनिस्तान।**

नोट:

- भारत और तुर्कमेनिस्तान के बीच समझौता ज्ञापन एक ऐसी प्रणाली स्थापित करने का प्रयास करता है जिससे दोनों देश एक दूसरे के आपदा प्रबंधन तंत्र से लाभान्वित होंगे।
- यह क्षेत्र में तत्परता, मोचन और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों को भी मजबूत करने में मदद करेगा।

7. CSTO का पूरा नाम जो हाल ही में खबरों में देखा गया_____**कलेक्टिव सिक्योरिटी ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन।**

नोट:

- यह सहायता के लिए छह पूर्व सोवियत देशों का मास्को में स्थित एक गठबंधन है।
- CSTO ने कहा है कि वह कजाकिस्तान में सरकारी भवनों पर कब्जे और आगजनी सहित हिंसा में परिवर्तित हो रहे विरोधों को नियंत्रित करने के लिए वहां के राष्ट्रपति द्वारा सहायता मांगने के बाद कजाकिस्तान में शांति सेना भेजेगा।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. फोटो पत्रकारिता श्रेणी में रामनाथ गोयनका पुरस्कार विजेता _____ **जीशान ए लतीफ।**

नोट:

- उन्होंने अपने फोटो निबंध, NRC में समावेशन के लिए कठिन संघर्ष के लिए पुरस्कार जीता, जो अक्टूबर 2019 में द कारवां में प्रकाशित हुआ था।
- उन्होंने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) से बाहर किए गए लोगों की दशा का दस्तावेजीकरण किया, और एक अनकही मानवीय कहानी को सामने रखा।

2. वर्ष 2021-22 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के प्रधानमंत्री पुरस्कार की राशि _____ **20 लाख रुपये।**

नोट:

- प्रमुख योजनाओं में जनभागीदारी के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान पर भारत का शासन मॉडल जन आंदोलन बन गया है।
- इस वर्ष पुरस्कृत किए जाने वाले परियोजना/कार्यक्रम की पुरस्कार राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है, जिसका उपयोग लोक कल्याण के किसी भी क्षेत्र में परियोजना/कार्यक्रम के कार्यान्वयन अथवा संसाधन अंतराल को पाटने के लिए किया जाएगा।

3. जे.सी. चौधरी ने हाल ही में एक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है, वह एक प्रसिद्ध हैं_____ **अंक ज्योतिषी।**

नोट:

- उन्होंने अमेरिका, यूके, मध्य पूर्व तथा भारत के लगभग 6000 प्रतिभागियों, अंक ज्योतिष समर्थकों को प्राचीन विज्ञान के बारे में शिक्षित किया।
- पहल का आयोजन चौधरी न्यूमेरो प्राइवेट लिमिटेड (CNPL) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूमरोलॉजी द्वारा यूनान, मिस्र तथा भारत जैसी प्राचीन संस्कृतियों में प्रचलित अंक ज्योतिष के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु किया गया था।

4. किस मीडिया ग्रुप ने WAN-IFRA दक्षिण एशियाई डिजिटल मीडिया पुरस्कार 2021 जीता _____ **द हिंदू ग्रुप।**

नोट:

- इनमें 'ब्रिंग बैक मिल्क बिकिस क्लासिक' शामिल है, जो मिल्क बिकिस क्लासिक को पुन: लॉन्च करने के लिए FMCG कंपनी ब्रिटानिया के लिए एक सप्ताह भर चलने वाला अभियान है, जिसने ऑडियंस एंगेजमेंट श्रेणी में स्वर्ण जीता और सर्वश्रेष्ठ ब्रांडेड/प्रायोजित सामग्री अभियान श्रेणी में कांस्य जीता।
- WAN-IFRA के दक्षिण एशियाई डिजिटल मीडिया पुरस्कार 2021 को इस वर्ष 140 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

खेल समाचार

1. वारसॉ में विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीतकर ओपन वर्ग की प्रतिस्पर्धा में सबसे युवा विश्व चैंपियन कौन बना _____ **नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव।**

   नोट:
   - संयोगवश उन्होंने आयु का विश्व रिकॉर्ड बनाया।
   - वह ओपन वर्ग की प्रतिस्पर्धाओं में अब तक के सबसे युवा विश्व चैंपियन बने।
   - नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने वारसॉ में विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीती, मैग्नस कार्लसन और नंबर 1 के अंतिम दो चैलेंजर्स, फैबियानो कारुआना और इयान नेपोमनियाचची को पराजित किया।
2. गणेश नाइक कॉम्प्लेक्स में 25,000 डॉलर का ITF टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब किसने जीता_____**एकाटेरिना रेनगोल्ड।**

   नोट:
   - उसने फाइनल में लातविया की डायना मार्सिकेविका को 6-3, 6-2 से हराया।
   - यह 20 वर्षीय एकाटेरिना रेनगोल्ड के लिए पेशेवर सर्किट में पहला खिताब था।
3. वह भारतीय महिला क्रिकेटर जिसे ICC महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर-2021 पुरस्कार के लिए प्रतिष्ठित राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी हेतु नामित किया गया _____**स्मृति मंधाना।**

   नोट:
   - उन्होंने 22 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 38.86 की औसत से एक शतक और पांच अर्धशतकों के साथ 855 रन बनाए हैं।
   - उनके अलावा, अन्य 3 क्रिकेटरों - इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट, ऑस्ट्रेलिया की लिज़ेल ली और आयरलैंड की गैबी लुईस को भी नामित किया गया है।
4. किस देश ने अंडर-19 एशिया कप 2021 क्रिकेट टूर्नामेंट जीता _____ **भारत।**

   नोट:
   - यश ढुल के नेतृत्व वाली युवा भारतीय टीम ने दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका को 9 विकेट से हराया।
   - श्रीलंका ने 106/9 का स्कोर बनाया और भारत को DLS पद्धति से 99 रन का लक्ष्य दिया गया।
   - पांचवें ओवर में हरनूर सिंह के स्टंप्स के सामने पाए जाने से भारत को शुरुआती झटका लगा।
5. क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वह किस देश के लिए खेलते हैं _____**पाकिस्तान।**

   नोट:
   - उन्होंने 392 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान की ओर से खेले जिसमें उन्होंने 12,789 रन बनाए और 253 विकेट लिए।
   - उन्होंने 55 टेस्ट, 218 ODI (एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय) और 119 T20I (ट्वेंटी20 अंतर्राष्ट्रीय) खेले, जिसमें तीन ICC एकदिवसीय विश्व कप और छह T20 विश्व कप शामिल हैं।
6. कौन सा राज्य 2022-23 में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' की मेजबानी करेगा _____**मध्य प्रदेश।**

नोट:

- भोपाल शहर में होने वाले खेलों की मेजबानी को मंजूरी दे दी गई है।
- मध्य प्रदेश सरकार ने पहले चरण के लिए 176.59 करोड़ रुपये आवंटित किए। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के परिचालन तथा रखरखाव पर 15.56 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। दूसरे और तीसरे चरण के लिए अलग-अलग राशि आवंटित की जाएगी।

7. वह भारतीय महिला क्रिकेटर जिसे महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 में भारत की 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया_____ **मिताली राज।**

नोट:

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने ICC महिला विश्व कप 2022 हेतु भारत की 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जो 4 मार्च से 3 अप्रैल तक न्यूजीलैंड में खेला जाएगा।
- हरमनप्रीत कौर विश्व कप में उप-कप्तान होंगी।

पुस्तकें एवं लेखक

1. "ममता: बियॉन्ड 2021" पुस्तक किसने लिखी _____**जयंत घोषाल।**

नोट:

- पुस्तक के विमोचन की घोषणा 5 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के जन्मदिन पर की गई थी।
- पुस्तक का प्रकाशन 24 जनवरी 2022 को होगा।

2. "गांधी असैसिन: द मेकिंग ऑफ नाथूराम गोडसे एंड हिज आइडिया ऑफ इंडिया" पुस्तक के लेखक _____ **धीरेंद्र के. झा।**

नोट:

- पुस्तक विंटेज बुक्स द्वारा प्रकाशित की गई है।
- पुस्तक उन संगठनों के साथ गोडसे के संबंधों का पता लगाती है जिन्होंने उसके विचार को प्रभावित किया और उसे प्रयोजनीय विवेद प्रदान किया और गोडसे के संकल्प को धीरे-धीरे मजबूत किया जिससे महात्मा गांधी की हत्या हुई।

विज्ञान एवं रक्षा

1. किस जहाज निर्माण कंपनी ने कोच्चि मेट्रो रेल लिमिटेड (KMRL) के तहत जल मेट्रो परियोजना के लिए बनाई जा रही 23 बैटरी चालित इलेक्ट्रिक बोट प्रदान की_____**कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड।**

नोट:

- कोचीन शिपयार्ड द्वारा कोच्चि जल मेट्रो परियोजना के तहत निर्मित की जाने वालीं 23 बोट में से यह पहली है।
- पांच बोट निर्माणाधीन हैं और कुछ महीनों में CSL द्वारा KMRL को सौंप दी जाएंगी।

- जल मेट्रो टर्मिनलों का निर्माण भी प्रगति पर है।

2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहां पर अंतरिक्ष विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में कल्पना चावला अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया_____ **चंडीगढ़ विश्वविद्यालय।**

नोट:

- उन्होंने तीनों सेनाओं के रक्षा कर्मियों के बच्चों के लिए 10 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति योजना भी शुरू की।
- यह अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह विकास में छात्रों को प्रशिक्षण देने और अंतरिक्ष अनुसंधान में भविष्य की चुनौतियों को पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।
- यह चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट सैटेलाइट के लिए ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन होगा।

3. बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन किस स्थान पर आयोजित किया गया _____ **विशाखापत्तनम।**

नोट:

- अभ्यास मिलन के इस 11वें संस्करण का विषय सौहार्द, सामंजस्य और सहयोग (camaraderie, cohesion and collaboration) है। यह अभ्यास 1995 में शुरू किया गया था और द्विवार्षिक रूप से तथा मित्रवत नौसेनाओं के साथ आयोजित किया जाता है।
- भागीदारी के लिए आमंत्रित देशों में रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, ईरान, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, बांग्लादेश, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, अन्य शामिल हैं।

----------0----------

BYJU'S EXAM PREP

Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card